



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

**फरवरी–2018**

### अन्दर के पृष्ठों पर........

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## नव वर्ष पर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार का सम्मेलन

नव वर्ष 2018 के अवसर पर दिनांक 01.01.2018 को पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र परिसर में पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा मुख्यालय के सभी रेडियो कर्मियों को सम्बोधित करते हुए सभी कार्मिकों को नव वर्ष की बधाई दी गयी। सभी कार्मिकों से अपेक्षा की गयी कि वे कर्तव्य के प्रति सजग एवं सतर्क होकर संगठन के हित में अपना योगदान दें। सभी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गयी। सभी को अपने एवं पारिवारिक सदस्यों के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने व शासन के निर्देशानुसार पुलिस कार्मिकों हेतु प्रतिमाह पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित "निःशुल्क चिकित्सा शिविर" में अपना–अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने हेतु प्रेरित भी किया गया। इस अवसर पर रेडियो मुख्यालय के सभी राजपत्रित अधिकारी एवं काफी संख्या में अधीनस्थ स्टाफ उपस्थित रहा।







## गणतन्त्र दिवस–2018

गणतन्त्र दिवस–2018 के अवसर पर पुलिस रेडियो मुख्यालय परिसर में पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा सभी रेडियो कर्मियों को स्वाधीनता की महत्ता एवं कर्तव्य की आवश्यकता का बोध कराया गया। इस अवसर पर कार्मिकों को उत्कृष्ट सेवा, सराहनीय सेवा एवं पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के प्रशंसा चिन्ह (पदक) लगाकर सम्मानित किया गया। बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर रेडियो मुख्यालय के सभी राजपत्रित अधिकारी एवं काफी संख्या में अधीनस्थ स्टाफ उपस्थित रहा।

### उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह



रेडियो उपनिरीक्षक
श्री भगवती चरण बुधौलिया

### सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह



रेडियो उपनिरीक्षक
श्री लक्ष्मी नारायण जाटव



रेडियो उपनिरीक्षक
श्री बिजेन्द्र सिंह चौहान



रेडियो उपनिरीक्षक
श्री जगप्रसाद विश्वकर्मा

### सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह



प्र0परि0/2761,
श्री रविकान्त पाण्डेय



प्र0परि0/2769,
श्री ज्वाला प्रसाद गुप्ता



प्र0परि0/2809,
श्री राज किशोर सिंह



प्र0परि0/2710,
श्री लईक अहमद



मुख्य आरक्षी चालक,
श्री राम बहाल

## पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के स्वर्ण प्रशंसा चिन्ह से सम्मानित

1. सहायक रेडियो अधिकारी, श्री रमेश सिंह



2. रेडियो निरीक्षक, श्री बच्चू सिंह



3. रेडियो निरीक्षक, श्री फतेह बहादुर सिंह



4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री निर्मल चन्द्र अवस्थी



## पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के रजत प्रशंसा चिन्ह से सम्मानित

1. सहायक रेडियो अधिकारी, श्री सुभाष चन्द्र शर्मा



2. रेडियो निरीक्षक, श्री शैलेन्द्र कुमार बाजपेई



3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री निरंकार लाल



## दीर्घ एवं सराहनीय सेवाओं के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक से सम्मानित

1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुभाष चन्द्र दुबे



2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सतीश कुमार श्रीवास्तव



3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री दुष्यन्त कुमार मिश्र



## उपलब्धियाँ

1. दिनांक 14.12.2017 से 22.12.2017 तक संचालित विधान सभा सत्र के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

2. दिनांक 14/15.01.2018 को मकर संक्रान्ति पर्व पर गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मन्दिर में आयोजित खिचड़ी मेला में उत्तर प्रदेश, बिहार एवं नेपाल से आने वाले अनन्य श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुरक्षित आवागमन के दृष्टिगत निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

3. जनपद इलाहाबाद में दिनांक 15/16.12.2017 को महामहिम राष्ट्रपति, भारत गणराज्य, माननीय राज्यपाल, उ0प्र0, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के भ्रमण/अवस्थान, दिनांक 31.12.2017 को माननीय राज्यपाल, पश्चिम बंगाल के भ्रमण/अवस्थान, दिनांक 08.01.2018 को महामहिम राष्ट्रपति, भारत गणराज्य के भ्रमण, दिनांक 07/08.01.2018 को माननीय राज्यपाल, उ0प्र0 के अवस्थान /भ्रमण, दिनांक 17/18.01.2018 को माननीय उप–राज्यपाल, दिल्ली के भ्रमण/अवस्थान, दिनांक 19.01.2018 को माननीय मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के माघ मेला क्षेत्र भ्रमण के दृष्टिगत निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

4. माघ मेला हेतु 145 अदद स्टै0/मो0, 300 अदद हैण्ड हेल्ड सेट एवं 45 अदद सीसीटीवी कैमरे एकत्र कराकर समय से अधिष्ठापित कराये गये तथा मुख्य स्नान पर्व पौष पूर्णिमा (दि0 02.01.2018), मकर सक्रान्ति (दि0 14–15.01.2018), मौनी अमावस्या (दि0 16.01.2018) एवं बसंत पंचमी (दि0 22.01.2018) के स्नान पर्वों हेतु निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

## सराहनीय कार्य

1. दिनांक 23.12.2018 को जनपद गौतमबुद्धनगर में मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के बोटेनीकल गार्डन मैट्रो स्टेशन से जाने वाली मजेन्टा लाईन के निरीक्षण हेतु सुदृढ़ पुलिस संचार स्थापित कराकर भ्रमण कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराया गया।

2. दिनांक 25.12.2017 को मा0 प्रधानमंत्री, भारत सरकार, महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 एवं मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के बोटेनीकल गार्डन मैट्रो स्टेशन से जाने वाली मजेन्टा लाईन के उद्घाटन हेतु सुदृढ़ पुलिस संचार स्थापित कराकर भ्रमण कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराया गया।

3. दिनांक 31.12.2017 को मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के सिद्धार्थनगर भ्रमण कार्यक्रम में कोहरे के कारण हुए व्यवधान के कारण जनपद फैजाबाद में ही हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग हुई। मा0 मुख्यमंत्री का सड़क मार्ग द्वारा फैजाबाद से सिद्धार्थनगर गमन निर्विघ्न सम्पन्न कराया गया।

4. दिनांक 03.01.2018 को जनपद बस्ती में ईवेन्ट संख्याः 0458 पर, किसी के द्वारा नवजात बच्चे को छोड़कर चले जाने, की सूचना प्राप्त हुई। डीसीआर/पीआरवी की सक्रियता से उक्त लावारिस बच्चे को अस्पताल पहुँचाया गया।

5. दिनांक 31.12.2017 को जनपद सिद्धार्थनगर में मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के कपिलवस्तु महोत्सव के समापन कार्यक्रम हेतु पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

6. दिनांक 12.01.2018 को 1045 बजे जनपद संतकबीरनगर में एसडीएम, मेंहदावल द्वारा डीसीआर पर तैनात प्र0परि0/917 श्री के0वी0पी0 सिंह को सूचना दी गयी कि ग्राम हरदी के पास मोटरसाइकिल सवार के सड़क पर गिरे रुपये पीछे से आ रही बोलेरो संख्याः यूपी 58पी 3625 के चालक द्वारा उठा लिये गये हैं। श्री सिंह द्वारा इस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना बखीरा एवं मेंहदावल के साथ–साथ पीआरवी–1493 को सूचित करके घेराबन्दी करायी गयी। पीआरवी–1493 द्वारा बोलेरो को पकड़ लिया गया और रु0 17,800.00 बरामद कर थाने को सुपुर्द किया गया।

7. दिनांक 17.01.2018 को जनपद श्रावस्ती में बौद्ध भिक्षु भन्ते प्रज्ञानन्द की अन्त्येष्टि में श्रीलंका, भारत सरकार एवं उ0प्र0 सरकार के विशिष्ट अतिथियों के संचरण हेतु पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

8. दिनांक 11.01.2018 को जनपद बदायूँ में यूपी 100 कन्ट्रोल पर कार्यरत प्र0परि0/5410 श्री सुनील कुमार को जरिये फोन 1615 बजे श्री शिवपूजन द्वारा सूचना दी गयी कि ग्राम रसूलपुर थाना फरीदनगर में दो लोग कुँआ खोदते समय मिट्टी में दब गये हैं। श्री सुनील द्वारा सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पीआरवी– 1323 को तत्काल घटना स्थल पर भेजा जिससे मिट्टी में दबे दोनों व्यक्तियों की जान बचायी गयी।

9. दिनांक 08.01.2018 को जनपद बुलन्दशहर में रात्रि 0240 बजे कुलदीप नाम के व्यक्ति से सूचना मिली कि उनकी वैगन आर कार–यूपी 62 बी 2216, सिल्वर रंग, को बदमाश दादरी के पास से छीनकर सिकन्दाबाद की तरफ भागे हैं। ड्यूटी आपॅरेटर द्वारा इस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए तत्काल जीटी रोड पर

सघन चेकिंग कराकर सचिन ढाबा के पास उक्त कार को पकड़ लिया गया।

10. दिनांक 08.01.2018 को जनपद बुलन्दशहर में पुलिस अधीक्षक, नगर द्वारा समय 1647 बजे सूचना दी गयी कि वैगन आर कार – डीएल सीआर 8141, काला रंग, में बदमाश हैं जो नुमाइश पुल से भूड़ चौराहे की तरफ गयी है। इसे पकड़वायें। ड्यूटी ऑपरेटर द्वारा इस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सघन चेकिंग करायी गयी, परिणामस्वरूप उक्त कार को मय बदमाशों के पकड़ लिया गया।

11. दिनांक 09.01.2018 को जनपद मेरठ में लगभग 1115 बजे सूचना प्राप्त हुई कि लाल रंग की अपाचे मोटर साईकिल पर सवार लोग मोबाइल लूटकर भाग रहे हैं। इस सूचना पर प्र0परि0/3958, संजीव कुमार द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी करायी गयी, परिणामस्वरुप एक बदमाश पकड़ा गया।

12. दिनांक 20.01.2018 को 1525 बजे जनपद गाजियाबाद के आरओआईपी केन्द्र पर 02 साल के एक बच्चे के गुम होने की सूचना प्राप्त हुई। उक्त सूचना पर प्र0परि0ऑ0/ 3507, श्री इन्द्रजीत सिंह एवं स0परि0/ 5504, प्रभात चौधरी ने तत्परता से कार्यवाही कराते हुए बच्चे को तलाश कराया। फलस्वरूप पीआरवी – 2161 द्वारा बच्चे को 30 मिनट में ढूंढ लिया।

13. दिनांक 21.01.2018 को जनपद वाराणसी में 1826 बजे थानाध्यक्ष लंका पैसा/मोबाइल छीनने की सूचना पर चेकिंग करा रहे थे। इसी दौरान लगभग 1830 बजे मोटरसाईकिल पर सवार बदमाशों ने गाड़ी रोकने पर फायरिंग कर दी और लौटूबीर पुलिया से डाफी की तरफ भागे। थानाध्यक्ष द्वारा सीसीआर को सूचना दी गई। ड्यूटीरत रे0उ0नि0, श्री वी के सिंह एवं 04 परिचालकों द्वारा नजदीकी थानों की फोर्स, फैण्टम दस्ता इत्यादि से घेराबंदी करायी गयी। परिणामस्वरूप लगभग 1859 बजे उक्त बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान पकड़ लिया गया।

## मुख्य ड्यूटियाँ

त्रिपुरा राज्य विधान सभा चुनाव 2018 एवं नागालैण्ड राज्य विधान सभा चुनाव 2018 हेतु माह जनवरी/2018 में 35 रेडियो कार्मिकों को, पी0ए0सी0 कन्टीन्जेण्ट की 10 कम्पनियों के साथ, पुलिस संचार ड्यूटी हेतु भेजा गया।

## कल्याणकारी कार्य

1. दिनांक 05.01.2018 को रेडियो कार्मिकों के 06 बच्चों को प्रधानमंत्री कौशल विकास केन्द्र, लखनऊ में वोकेशनल प्रशिक्षण हेतु पंजीकृत कराया गया। 10 अन्य बच्चों को पंजीकरण हेतु फार्म उपलब्ध कराये गये। वोकेशनल प्रशिक्षण के सम्बन्ध में दिनांक 20.01.2018 को प्रधानमंत्री कौशल विकास केन्द्र, अलीगंज, लखनऊ के प्रतिनिधियों के माध्यम से योजना का लाभ लेने हेतु स्टाफ का मार्गदर्शन कराया गया जिसमें लगभग 45 कार्मिक उपस्थित रहे।



2. रेडियो मुख्यालय पर चिकित्सा प्रतिपूर्ति के 152 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

3. कार्मिकों एवं उनके परिवारों के लिए मुफ्त चेकअप के लिए दिनांक 29.01.2018 को सम्पन्न निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प में 100 कार्मिक लाभान्वित हुये।

4. पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में 423 कार्मिकों का उपचार जनवरी/2018 में किया गया।

5. पेंशन सेल द्वारा 963 में से 401 प्रकरण तैयार कर भेजे जा चुके हैं।

## शासनादेश, आदेश

1. उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्याः ग्यारह–फायर सेफ्टी–2017 दिनांक 20.12.2017 के साथ संलग्न कर शासन का पत्रांकः 17भा0स0/छः–पु–8–2017–804(7)/2017 दिनांक 13.11.2017, प्रमुख सचिव ऊर्जा का पत्रांकः 1629 / चौबीस–पी–3–2017 दिनांक 11.08.2017 व मुख्य सचिव का 1458/24–पी–3–2017 दिनांक 27.07.2017 उपलब्ध कराया गया है जिनके अनुसार सभी सरकारी कार्यालयों के भवनों को फायर सेफ्टी/इलेट्रिक सेफ्टी की दृष्टि से सुरक्षित करने के सम्बन्ध में दिये गये दिशा–निर्देशों का तत्काल पालन करने की अपेक्षा की गयी है।

2. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्याःडीजी–आठ–140(56)–2014–16 दिनांक 29.12.2017 द्वारा लाल–नीली बत्ती के दुरुपयोग की रोक–थाम के सम्बन्ध में कार्यवाही किये जाने के निर्देश पारित किये गये हैं।

3. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्याःडीजी–चार–173(76)/2017 दिनांक 29.12.2017 द्वारा, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 की ओर से पुलिस प्रशिक्षण के सिद्धांत–2017 के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश एवं पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में दिये गये सुझावों का, प्रशिक्षण के दौरान कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश पारित किये गये हैं।

4. उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद के पत्र संख्याः कल्याण – निर्देश पुस्तिका (प्रा0फण्ड) 2016 दिनांक 17.01.2018 द्वारा पुलिस विभाग में प्रचलित व्यवसायिक फण्डों (1. लोन फण्ड, 2. बैण्ड फण्ड, 3. गार्डेन फण्ड, 4. चक्की फण्ड, 5. कोल्हू फण्ड, 6. कैण्टीन फण्ड, 7. सस्ते गल्ले की दुकान फण्ड, 8. गैस एजेन्सी फण्ड, 9. पीसीओ फण्ड) की व्यय सीमा में वृद्धि किये जाने के आदेश पारित किये गये हैं।

7. राज्य सम्पत्ति विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्याः आर–9901/32–2–2017–46/2007 दिनांक 08.01.2018 द्वारा राज्य सम्पत्ति विभाग के नियंत्रणाधीन आवासों के फ्लैट रेन्ट का पुर्ननिर्धारण किया गया है।

## आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

### पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार की गोष्ठियाँ एवं भ्रमण कार्यक्रम

1. रेडियो मुख्यालय पर दिनांक 03.01.2018, 10.01.2018, 17.01.2018, 25.01.2018 एवं 31.01.2018 को सम्पन्न साप्ताहिक गोष्ठियों में कार्य सुधार हेतु दिशा–निर्देश दिये गये।

2. दिनांक 14.01.2017 को जनपद जौनपुर का भ्रमण किया गया।

## नीलामी एवं क्रय कार्यवाही

1. 06 जनवरी 2018 को पुलिस रेडियो मुख्यालय पर निष्प्रयोज्य संचार उपकरणों की सार्वजनिक नीलामी करायी गयी है।
2. ''जेम पोर्टल'' के माध्यम से कुल 56 सम्पूर्ति आदेश निर्गत किये गये हैं।
3. ई–टेण्डर द्वारा क्रय की कार्यवाहियाँ भी अन्तिम चरण में हैं।

## रेडियो मुख्यालय के कार्यालय ज्ञाप

1. पुलिस महानिरीक्षक / निदेशक, दूरसंचार के कार्यालय ज्ञाप संख्या: टी–02/2017 (ट्रेनिंग) दिनांक 05.01.2018 द्वारा ग्रेड–तृतीय, ग्रेड–द्वितीय एवं ग्रेड–प्रथम जैसे महत्वपूर्ण कोर्स में प्रशिक्षणार्थियों को सम्मिलित कराये जाने से पूर्व जनपद/वाहिनी स्तर पर 10 दिवस का विधिवत ''पूर्व प्रशिक्षण'' कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। बेसिक प्रशिक्षण का उत्तरदायित्व जनपद/वाहिनी के प्रभारी अधिकारी का होगा।
2. पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार के कार्यालय ज्ञाप संख्या: एसटी काम(एचक्यू)निरीक्षण–4/2015 दिनांक 05.01.2018 द्वारा पुलिस रेडियो के राजपत्रित अधिकारियों के सामयिक निरीक्षण/भ्रमण एवं निरीक्षणों तथा मासिक भ्रमण के सम्बन्ध में आदेश दिये गये हैं।
3. पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार के कार्यालय ज्ञाप संख्या: एम – 02 / 2017 (मिसलेनियस) दिनांक 10.01.2018 द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय की सुरक्षा व्यवस्था/गार्दों को दिन व रात में चेक करने इत्यादि कार्यवाहियों हेतु रेडियो मुख्यालय में नियुक्त रेडियो निरीक्षकों की ड्यूटी ''डे–अफसर'' के रुप में लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।
4. पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार के आदेश संख्या: एम–104/2017(मिस) दिनांक 19.01.2018 द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय पर ई–निविदा के माध्यम से की जाने वाली ऑनलाइन क्रय प्रक्रिया सम्पादित किये जाने हेतु जेम सेल को निर्देशित किया गया है।
5. पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार के कार्यालय ज्ञाप संख्या: सीए/डीजी–1(11)/2018 दिनांक 18.01.2018 द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय के अतिरिक्त ''प्रदेश के समस्त जनपद/इकाईयों की रेडियो शाखाओं में प्रचलित'' रोजनामचा आम को बन्द किये जाने का निर्णय लिया गया।

## विविध

## प्रशिक्षण गतिविधियाँ

1. उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में दिनांक 02.01.2018 से चार माह के ग्रेड–द्वितीय 89वाँ विभागीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा किया गया।




2. पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में दिनांक 01.11.2017 से संचालित चार माह के ग्रेड–द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की मध्यान्ह परीक्षाएँ दिनांक 08.01.2018 से 12.01.2018 तक सम्पन्न करायी गयीं।
3. भारतीय पुलिस सेवा के सीधी भर्ती के 69 वें बैच के 16 आई0पी0एस0 (प्रशिक्षुओं) का पुलिस रेडियो मुख्यालय में दिनांक 19.01.2018 को भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## सेवानिवृत्ति

जनवरी 2018 में निम्न 20 कार्मिक अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए–

1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री केहर सिंह, गौतमबुद्धनगर 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री हृदय नारायण सिंह, रेडियो मुख्यालय 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री धर्मपाल सिंह, 38वीं वाहिनी पीएसी 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रणजीत यादव, रायबरेली 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री गंगाचरण मिश्र, हरदोई 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री लखनलाल, रेडियो मुख्यालय 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मो0 मुइनूर रहमान, कौशाम्बी 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम बदन शर्मा, रेडियो मुख्यालय 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, विशेष सुरक्षा वाहिनी 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री तहसीलदार सिंह, कासगंज 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजवीर सिंह, अलीगढ़ 12. प्रधान परिचालक/4822, श्री भुवन चन्द्र जोशी (अपट्रान), रेडियो मुख्यालय 13. प्रधान परिचालक/18, श्री महताब मिया अन्सारी, पीलीभीत 14. प्रधान परिचालक/61, श्री प्रभुदयाल, झाँसी 15. प्रधान परिचालक/2372, श्री राम किशोर दिवाकर, महोबा 16. प्रधान परिचालक/230, श्री सीताराम, बरेली 17. सहायक परिचालक/617, श्री प्रदीप कुमार सिंह, संत कबीर नगर 18. कर्म0कर्म0/216, श्री किशन चन्द्र, रेडियो मुख्यालय 19. संदेश वाहक, श्री राम मोहन प्रधान, वाराणसी 20. संदेश वाहक, श्री लतोष कुमार, आगरा।

लखनऊ में नियुक्त सभी 06 कार्मिकों को स्वयं पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा सम्मान–पत्र दिया गया।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या: 103/सीईओ–4–34/4–2010 दिनांक 16.01.2018 द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में 25 जनवरी 2018 को ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' के अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय पर पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार द्वारा कर्मिकों को ''मतदाता शपथ'' दिलायी गयी।



## असामयिक निधन

रेडियो उपनिरीक्षक श्री हरेन्द्र नाथ सिंह, नियुक्ति जनपद आजमगढ़ का दिनांक 23/24.01.2018 की रात्रि में असामयिक निधन हो गया।

सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक(पुलिस दूरसंचार) एमसीआर। सहयोगीगण–श्री वी0के0 वर्मा, रेडियो निरीक्षक एवं श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव, रेडियो उप निरीक्षक, प्र0परि0यॉ0/3090, राम शंकर यादव। डिज़ाइन सहयोग– श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।

मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88 प्रतियाँ – 200